**Code No. : 085**

## PRE-BOARD EXAMINATION-1 - DECEMBER - 2019

**CLASS: X Div:** **HINDI - 2nd LANGUAGE** **Time: 3hrs.**

**MAX. MARKS : 80**

---

सामान्य निर्देश :

1) इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं -क ,ख ,ग और घ ।
2) सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमानुसार दीजिए ।
4) एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए ।
5) दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए ।
6) तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए ।
7) पाँच अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए ।

1. निम्नलिखित गद्यांश पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

i) विविध धर्म एक ही जगह पहुँचानेवाले अलग -अलग रस्ते हैं । सच पूछे तो जितने मनुष्य हैं, उतने ही धर्म भी हैं । हमें सभी धर्मों के प्रति समभाव रखना चाहिए । इससे अपने धर्म के प्रति उदासीनता आती हो, ऐसी बात नहीं, बल्कि अपने धर्म पर जो प्रेम है उसकी अंधता मिटती है । इस तरह वह प्रेम ज्ञानमय और ज्यादा सात्विक तथा निर्मल बनता है । मेरी सम्मति है कि संसार के धर्म ग्रंथों को सहानुभूतिपूर्वक पढ़ना प्रत्येक सभ्य पुरुष और स्त्री का कर्तव्य है । अगर हमें दूसरे धर्मों का वैसा आदर करना है जैसा हम उनसे अपने धर्म का कराना चाहते हैं, तो संसार के सभी धर्मों का आदरपूर्वक अध्ययन करना हमारा एक पवित्र कर्म हो जाता है । सत्य के अनेक रूप होते हैं । इसी सिद्धांत ने मुझे एक मुसलमान को उसके अपने दृष्टिकोण से और ईसाई को उसके स्वयं के दृष्टिकोण से समझना सिखाया है । जिन अंधों ने हाथी का अलग-अलग तरह से वर्णन किया, वे सब अपनी दृष्टी से ठीक थे । एक दूसरे की दृष्टि से सब गलत थे और जो आदमी हाथी को जानता था उसकी दृष्टि में सही भी थे और गलत भी थे। जब

तक अलग-अलग धर्म मौजूद है तब तक प्रत्येक धर्म को किसी विशेष बाह्यचिह्न की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन जब बाह्य चिह्न केवल आडंबर बन जाते हैं अथवा अपने धर्म को दूसरे धर्मों से अलग बताने के काम आते हैं,तब वे त्याज्य हो जाते हैं ।

प्रश्न

i) सभी धर्मों से प्रेम करने पर प्रेम कैसा हो जाता है ? 2

ii) लेखक की सम्मति क्या है ? 2

iii) धर्मों के बाह्य चिह्न त्याज्य कब हो जाते हैं ? 2

iv) दूसरों केलिए हमारी प्रार्थना कैसी होनी चाहिए ? 2

v) विविध धर्म अपने-अपने रास्ते से कहाँ पहुंचाते हैं ? 1

vi) हमारा पवित्र कर्म क्या है ? 1

## खंड ख

## खंड ख ( व्यावहारिक व्याकरण )

3. क) शब्द और पद में क्या अंतर है ? सोदाहरण लिखिए । 1

ख) निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण कीजिए :- 3

i ) सदाचारी लोग सबका आदर पाते हैं । ( मिश्र वाक्य में )

ii ) आप अंदर बैठ जाएँ और देर तक बात करें । ( सरल वाक्य में )

iii) अध्यापिका के समझाने पर सब बच्चे तैयार हो गए । ( संयुक्त वाक्य में )

4. क) निम्नलिखित विग्रहों के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए:- 2

(i) चार भुजाओं का समूह (ii) नीला है जिसका कंठ

ख) समास विग्रह करके भेद लिखिए :-

(i) जलप्रवाह (ii) नीलगगन 2

5. क) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :- 4

i ) बच्चों ने काम कर सके ।

ii ) मेरे को थोडा पानी चाहिए ।

iii) माँ बच्चे को दूध पिलाया ।

iv) हम ने कहा था आपसे ।

.6. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :- 4

i) तूती बोलना

ii) पापड बेलना

iii) दीवार खड़ी करना

iv) तार-तार होना

7. खंड ग (पाठ्यपुस्तक )

पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए :- 2X 3=6 6

i ) लेखक के अनुसार सत्य केवल वर्त्तमान है ,उसी में जीना चाहिए । लेखक ने ऐसा क्यों कहा होगा ? अपना विचार स्पष्ट कीजिए ।

ii ) बढ़ती हुई आबादी का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा ? ‘ अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुखी होनेवाले ’ पाठ के आधार पर लिखिए ।

iii) तताँरा की तलवार के विषय में लोगों का क्या मत था ?

iv) के दिन को अमर बनाने केलिए 1931 जनवरी 26क्या -क्या तैयारियाँ की गई थीं ?

8. वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था ,कैसे ? स्पष्ट कीजिए । ( लगभग 80-100 शब्दों में ) 5

अथवा

बड़े भाई साहब पाठ के आधार पर बड़े भाई साहब के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए। ( लगभग 80-100 शब्दों में )

पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए :- 2X 3=6 6

9. i ) रवींद्रनाथ टैगोर किससे और क्या प्रार्थना कर रहा है ?

ii ) मनुष्य मात्र बंधु है से आप क्या समझते हैं ?

iii) मीराबाई ने श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है उनके पद के ? । आधार पर लिखिए

iv) पावस ऋतु में प्रकृति में क्या -क्या परिवर्तन आते है ?कविता के आधार पर लिखिए ।

10. ‘तोप’ कविता हमें क्या संदेश देती है । अपने शब्दों में लिखिए ? ( लगभग 5

80-100 शब्दों में )

अथवा

'कर चले हम फ़िदा' कविता में सैनिक को बलिदान के समय भी दुःख का अनुभव क्यों नहीं होता है ? ( लगभग 80-100 शब्दों में  लिखिए )

11. क) ' सपनों के से दिन ' पाठ में वर्णित ओमा जैसे बालकों में सुधार केलिए पहले शारीरिक दंड का प्रचलन था किंतु आजकल कौनसी युक्तियाँ अपनाई जा रही है ? क्या ये युक्तियाँ जीवन मूल्यों के विकास में अपना योगदान दे रही हैं ? विचार करके लिखिए । ( लगभग 60- 70 शब्दों में ) 3

ख) इफ्फन और टोपी की दोस्ती आज के समाज केलिए  किसी वरदान से कम नहीं है । क्या आप इस कथन से सहमत है ? 'हाँ' या 'नहीं' के लिए तर्कसहित अपने विचार प्रस्तुत कीजिए ।  ( लगभग 60-70 शब्दों में ) 3

12. . 6

## खंड घ

## ( लेखन )

दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 80 -100 शब्दों में  अनुच्छेद लिखिए |

(क ) युवा पीढी के  कर्तव्य

- युवा : देश का भविष्य
- युवाओं के कर्तव्य
- निष्कर्ष

अथवा

ख ) प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग

- प्राकृतिक संसाधनो का अर्थ व प्रकार
- प्राकृतिक संसाधन सीमित
- इनके दुरूपयोग से हानि

अथवा

ग ) पश्चिमी सभ्यता का बढ़ता प्रभाव

- प्राचीन काल से संबंध
- पश्चिमी सभ्यता का  प्रभाव
- पश्चिमी सभ्यता पर रोक

13. प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए , जिसमें अपनी आर्थिक स्थिति का संक्षिप्त विवरण देते हुए शुल्क माफ करने केलिए प्रार्थना की गई हो | 5

अथवा

डाक वितरण में होनेवाली अनियमितता की सूचना देते हुए पोस्टमास्टर को पत्र लिखकर समुचित व्यवस्था करने का अनुरोध कीजिए ।

14. बस अड्डे पर खोये गए अपने सामान का विवरण देते हुए लागभग 25-30 शब्दों में एक सूचना पत्र लिखिए । 5

अथवा

आप अपने इलाके के गरीब बच्चों को प्रत्येक शनिवार और गुरूवार निशुल्क पढाना चाहते हैं । इससे संबंधित सूचना लागभग 25-30 शब्दों में जारी कीजिए ।

15. रोगी की सेवा सबसे बडी सेवा है - इस विषय पर माँ और बेटे के बीच हुई बातचीत को लगभग 50 शब्दों में लिखिए | 5

अथवा

दो विद्यार्थियों द्वारा अपनी अध्यापिका के मृदु व्यवहार पर की गई बातों को संवाद के रूप में लगभग 50 शब्दों में लिखिए ।

16. पहाडी क्षेत्र में बनाए अपने होटल केलिए लगभग 25-30 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन लिखिए । 5

अथवा

गाड़ियों केलिए अच्छे और टिकाऊ टायरों केलिए लग गभग 25-30 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन लिखिए ।

~~<><>~~